FCS
The efficiency catalyst
CIN: L72100DL1993PLC179154

**FCS/STX/2022** **12th February, 2022**

To,
The Bombay Stock Exchange Ltd.,
Corporate Relationship Department,
P J Tower, Dalal Street,
Mumbai- 400001

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai- 400051

Dear Sir,

**Sub: - Published Financial Results for the quarter ended December 31, 2021 in Two Newspaper (Financial Express and Hari Bhoomi)**

This is to inform you that pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby enclosed herewith cuttings of newspapers (Financial Express in English Edition and Hari Bhoomi in Hindi Edition) in which Unaudited Financial Results for the Quarter ended 31st December, 2021 have been published.

We request you to take the same on record.

Thanking You,

**Yours faithfully,**
For **FCS Software Solutions Limited**

HARSHA
Digitally signed by HARSHA
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=201301, st=Uttar Pradesh, 2.5.4.20=3238ea828877c9c44b49a9bbd00f06fb1f2c0098bec27dbf5fc4078144df04e9, pseudonym=B2874D1077A699173F093B4EB307710E2757F43B, serialNumber=8DE5CA0BC1D772D130D8DF80BA376914916934ACE21307512EC65C540AC9DF8F, cn=HARSHA
Date: 2022.02.12 15:41:59 +05'30'

(Harsha Sharma)
**Company Secretary**
**Membership No.-** A33548



**FCS Software Solutions Limited**
**Regd. off** : 205, 2nd Floor, Aggarwal Chamber IV, 27, Veer Sawarker Block, Vikas Marg, Shakerpur, Delhi 110 092
Tel: +91-011-42418371, www.fcsltd.com
**Corporate Office:** Plot No. 83, NSEZ, Noida Phase II, Noida-201305, Tel: 0120-4635900 Fax. 0120-4635941
Email id: investors@fcsltd.com website:- www.fcsltd.com
**Noida Office:** A-86, Sector-57, Noida-201301, India, Tel: 0120-3061100, Fax No-0120-3061111
Plot No. 1A,Sector-73, Noida-201301
**Chandigarh Office:** Plot –J-7, Rajiv Gandhi Chandigarh Technology Park, Kishan Garh Chandigarh-160101
**Panchkula Office:** Plot No.-11, HSIIDC Park, Sector-22, Panchkula, Haryana -134109
Gurugram Office: Plot No-54, EHTP, Sector-34, Gurugram-122004

## 590 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिसमें 227 विदेशी खिलाड़ी शामिल

# आईपीएल नीलामी आज : क्रिकेटरों पर होगी धनवर्षा

# अय्यर, शार्दुल और किशन बिक सकते हैं सबसे महंगे

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग की आखिरी मेगा नीलामी शनिवार को होगी जिसमें श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों पर सभी फ्रेंचाइजी की नजरें होंगी इस साल इस से ज्यादा क्रिकेटर दस करोड़ से अधिक में बिक सकते हैं। गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजाइंट्स के जुड़ने के बाद दस टीमों की लीग के लिए दो दिवसीय नीलामी में 590 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिसमें 227 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस साल दस से ज्यादा क्रिकेटरों पर दस करोड़ से अधिक की बोली लग सकती है और कुछ तो 20 करोड़ के आसपास भी जा सकते हैं। अय्यर सबसे महंगे साबित हो सकते हैं जबकि शार्दुल और ईशान किशन पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। अगर इनके लिए फ्रेंचाइजी में होड़ लग जाती है तो दाम काफी ऊपर जा सकते हैं। इनके अलावा दीपक चाहर और युजवेंद्र चहल को भी दस करोड़ से अधिक मिलने की उम्मीद है।

- 10 से अधिक खिलाड़ियों पर लग सकती है 10 करोड़ से अधिक की बोली

### टीमों की नजरें मध्यक्रम पर

महेंद्र सिंह धोनी (चेन्नई सुपर किंग्स), विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर) और रोहित शर्मा (मुंबई इंडियंस) को उनकी टीमों ने बरकरार रखा है। टीमों की नजरें मध्यक्रम के बल्लेबाजों, कलाई के स्पिनरों और हरफनमौलाओं पर रहेंगी।



### विदेशी खिलाड़ियों में वॉर्नर, होल्डर फॉर्म में

विदेशी खिलाड़ियों में डेविड वॉर्नर फॉर्म में है और ऑस्ट्रेलिया के इस सलामी बल्लेबाज पर अच्छे दाम लगने की उम्मीद है। वह सलामी बल्लेबाज होने के साथ कप्तानी के भी दावेदार है जिन्होंने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को खिताब दिलाया था। लखनऊ सुपरजाइंट्स उन पर दाव लगा सकता है। वॉर्नर के अलावा वेस्टइंडीज के जैसन होल्डर की भी अच्छी मांग रहने की उम्मीद है चूंकि वह बड़े छक्के लगाने में माहिर हैं और उपयोगी मध्यम तेज गेंदबाज भी हैं। उनके साथी ड्वेन ब्रावो, ओडियन स्मिथ और रोमारियो शेफर्ड भी अच्छे दाम में बिक सकते हैं। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक के लिए भी टीमों में होड़ लग सकती है।



### घरेलू क्रिकेटरों की रहेगी मांग

घरेलू क्रिकेटरों में एक शाहरुख खान, नीतिश राणा और राहुल त्रिपाठी पर नजरें होंगी। उन्हें स्टीव स्मिथ, जॉनी बेयरस्टॉ या इयोन मोर्गन जैसे दिग्गजों से अच्छे दाम मिल सकते हैं। अंडर 19 क्रिकेटरों में हरफनमौला राज अंगद बावा टीमों को लुभा सकते हैं। यश धुल की कप्तानी में भले ही भारत की अंडर 19 टीम ने विश्व कप जीता है लेकिन टीमों को पता है कि कई बार जूनियर प्रतिभाएं आईपीएल स्तर पर नाकाम रहती हैं। कमलेश नागरकोटी, मनजोत कालरा और शिवम मावी के उदाहरण सामने हैं।

### आईपीएल नीलामी : खास बातें

1. नीलामी का शहर: बेंगलुरु
2. नीलामी की जगह: आईटीसी गार्डेनिया
3. नीलामी का समय: दोपहर 12 बजे
4. नीलामी की तारीख: 12 और 13 फरवरी
5. टीमें : 10 - चेन्नई सुपरकिंग्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदरबादा, गुजरात टाइटन्स (नई टीम), लखनऊ सुपरजायंट (नई टीम)
6. नीलामी के लिए कुल राशि: प्रत्येक फ्रेंचाइजी के लिए 90 करोड़ रुपए
7. प्रत्येक फ्रेंचाइजी द्वारा खर्च की जाने वाली न्यूनतम राशि : 90 करोड़ रुपए में से 67.5 करोड़ रुपए
8. टीम में खिलाड़ियों की संख्या: न्यूनतम खिलाड़ी : 18; अधिकतम खिलाड़ी : 25
9. बेस प्राइस के स्लैब : दो करोड़ रुपए, डेढ़ करोड़ रुपए, एक करोड़ रुपए, 75 लाख रुपए, 50 लाख रुपए, 40 लाख, 30 लाख, 20 लाख
10. नीलामी के लिए खिलाड़ियों की संख्या : 229 कैप्ड (अंतरराष्ट्रीय), 354 अनकैप्ड (घरेलू), सात आईसीसी एसोसिएट देशों से
11. शनिवार को लगने वाली बोली की प्रक्रिया : पहले दिन 161 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी जबकि दूसरे दिन 'बचे हुए खिलाड़ियों को चुनने' की 'त्वरित प्रक्रिया'
12. 'त्वरित प्रक्रिया' में फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों की 'विश-लिस्ट' रखेंगी जिन्हें वे नीलामी में चाहते हैं।
13. 'राइट टू मैच (आरटीएम) काड्‌र्स' दर्जा : कोई आरटीएम कार्ड उपलब्ध नहीं होगा
14. नीलामी में उम्रदराज खिलाड़ी : दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर 43 वर्ष के
15. नीलामी का युवा खिलाड़ी : अफगानिस्तान का नूर अहमद 17 वर्ष का

## खबर संक्षेप



### चेन्नइयिन एफसी ने कोच बेंडोविच से नाता तोड़ा

**चेन्नई।** दो बार की आईएसएल चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने मौजूदा सत्र में एफसी गोवा के हाथों 0-5 से हार के बाद मुख्य कोच बोजिडार बेंडोविच से नाता तोड़ लिया है। सहायक कोच सैयद सबीर पाशा अंतरिम कोच होंगे। टीम ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। क्लब के इतिहास में यह उसकी सबसे बड़ी हार थी। चेन्नइयिन फिलहाल 19 अंक लेकर आठवें स्थान पर है और नाकआउट में प्रवेश की उसकी उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। मोंटेनीग्रो के बेंडोविच के साथ चेन्नइयिन ने पांच मैच जीते, चार ड्रॉ खेले और सात हारे।

### गत चैंपियन श्वाट्र्जमैन क्वार्टर फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** दूसरी वरीयता प्राप्त गत चैंपियन डिएगो श्वाट्र्जमैन अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्पेन के जाउमे मुनार को 7-6, 7-6 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के ही फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा जिसे उन्होंने पिछले साल हराकर खिताब जीता था। सेरूंडोलो ने सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच को 6-3, 3-6, 6-2 से मात दी। इटली के फेगियो फोगनिनी ने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के फेडरिको डेलबोनिस से होगा।



### फ्रांस के खिलाफ हैट्रिक जीत पर भारत की नजर

**पोशेफ्स्ट्रूम।** एफआईएच प्रो लीग के इस सत्र में अपना अभियान लगातार दो शानदार जीत के साथ शुरू करने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम फ्रांस के खिलाफ शनिवार को भी जीत के इस सिलसिले को कायम रखना चाहेगी। पहले मैच में भारत ने फ्रांस को 5-0 से हराया जिसमें हरमनप्रीत सिंह, वरूण, शमशेर सिंह, मनदीप सिंह और अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आकाशदीप सिंह ने गोल दागे। कप्तान मनप्रीत ने कहा, 'जीत के साथ शुरुआत करना अच्छा रहा।



## पहली बार वनडे में किया क्लीन स्वीप

# वेस्टइंडीज को हरा 39 साल बाद भारत ने रचा इतिहास

- आखिरी मैच 96 रन से जीता, 3-0 से जीती सीरीज
- सिराज और कृष्णा के खाते में 3-3 विकेट आए
- दीपक चाहर और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत के बीच शतकीय साझेदारी और गेंदबाजों के एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत ने शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 96 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। पहले बल्लेबाजी के लिये उतरी भारतीय टीम का शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया लेकिन कोविड से उबरने के बाद पहला मैच खेल रहे अय्यर (111 गेंदों पर 80 रन, नौ चौके) और पंत (54 गेंदों पर 56 रन, छह चौके, एक छक्का) ने यहीं से चौथे विकेट के लिये 110 रन जोड़कर भारतीय पारी संभाली। दीपक चाहर (38 गेंदों पर 38 रन, चार चौके, दो छक्के) और वाशिंगटन सुंदर (34 गेंदों पर 33 रन, दो चौके, एक छक्का) ने सातवें विकेट के लिये 53 रन जोड़े जिससे भारत ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 265 रन बनाये। पिच में 'सीम मूवमेंट' और उछाल थी तथा भारतीय गेंदबाजों ने भी इसका फायदा उठाकर वेस्टइंडीज को 37.1 ओवर में 169 रन पर ढेर कर दिया। यह पहला अवसर है जबकि भारत ने वेस्टइंडीज का वनडे श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। भारत ने इसी स्थल पर खेले गये पहले मैच में छह विकेट से और दूसरे मैच में 44 रन से जीत दर्ज की थी। अब इन दोनों टीम के बीच 16 फरवरी से कोलकाता में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेली जाएगी। भारतीय गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा (27 रन देकर तीन), मोहम्मद सिराज (29 रन देकर तीन), दीपक चाहर (41 रन देकर दो) और कुलदीप यादव (51 रन देकर दो) ने विकेट लिये। वेस्टइंडीज के सात विकेट 82 रन पर निकल गये थे लेकिन निचले क्रम के तीन बल्लेबाजों ओडियन स्मिथ (18 गेंदों पर 36 रन, तीन चौके, तीन छक्के), अल्जारी जोसफ (56 गेंदों पर 29 रन) और हेडन वाल्श (38 गेंदों पर 13 रन) ने न सिर्फ भारत का इंतजार बढ़ाया बल्कि हार का अंतर भी कम किया। वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के पास हालांकि भारत के तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। सिराज और चाहर ने पहले पांच ओवर में शाई होप (पांच), ब्रेंडन किंग (14) और शामराह ब्रुक्स (शून्य) को आउट करके कैरेबियाई टीम की चूलें हिला दी थी। डेरेन ब्रावो (19) और कप्तान निकोलस पूरण (34) ने आठ ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया।

### पुणेरी ने हरियाणा को हराया, यूपी योद्धा जीता

**बेंगलूरू।** पुणेरी पल्टन ने शुक्रवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में हरियाणा स्टीलर्स की लगातार तीन मैच में जीत की लय तोड़ते हुए 45-27 से जीत दर्ज की। हरियाणा स्टीलर्स ने दूसरे हाफ के अंतिम 10 मिनट में कड़ी चुनौती पेश की जिसमें विनय, आशीष नरवाल और विकास कंडोला ने मिलकर 19 रेड प्वाइंट हासिल किये। लेकिन अंत में अंकों का अंतर इतना ज्यादा था कि हरियाणा की टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी। पहले हाफ के अंत में हरियाणा स्टीलर्स की टीम 7-26 से पिछड़ रही थी। एक अन्य मैच में प्रदीप नरवाल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यूपी योद्धा ने जयपुर पिंक पैंथर्स को 41-34 से शिकस्त दी। प्रदीप नरवाल ने 14 रेड प्वाइंट बनाये जिससे यूपी योद्धा की टीम वापसी कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज करने में सफल रही।

### रेलवे ने कुश्ती अकादमी बनाने के लिए 30.76 करोड़ मंजूर किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली के किशनगंज में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कुश्ती अकादमी बनाने के लिये 30.76 करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। अकादमी पूरी तरह से कुश्ती के लिये होगी जो सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस देश की सबसे बड़ी अकादमी होगी। मंत्रालय ने कहा, "भारतीय रेलवे ने भारत में कुश्ती को बढ़ावा देने में अहम भूमिका अदा की है और ज्यादातर एलीट पहलवान रेलवे के ही हैं। भारत को कुश्ती में ओलंपिक सबसे ज्यादा पदक भारतीय रेलवे- सुशील कुमार (2008 और 2012), साक्षी (2016), रवि और बजरंग (2020) - ने दिलाये हैं। " तोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय रेलवे के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार था।

### तस्नीम मीर ने ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज जीता

**शिराज।** दुनिया की नंबर एक जूनियर बैडमिंटन भारतीय खिलाड़ी तस्नीम मीर ने शुक्रवार को यहां ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज में इंडोनेशिया की युलिया योसेफिन सुसांतो पर फाइनल में तीन गेम में मिली जीत से महिला एकल खिताब अपने नाम किया। गुजरात की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी वरीय सुसांतो को 51 मिनट में 21-11, 11-21, 21-7 से शिकस्त दी। अंडर-19 एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी तस्नीम की सीनियर विश्व रैंकिंग 404 है। इससे पहले तस्नीम ने ईरान की नाजनीन जमानी, अर्मेनिया की लिलिट पोघोस्यान, ईरान की फातेमेह बाबाई, भारत की समायरा पंवार को हराया था। सेमीफाइनल में तस्नीम ने शीर्ष वरीय और दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी मार्टिना रेपिस्का को शिकस्त दी थी।



### प्रणवी ने 13 महीने बाद जीता पहला खिताब

**हैदराबाद।** मैसूर की किशोरी प्रणवी उर्स ने पिछले 13 महीनों का इंतजार समाप्त करते हुए शुक्रवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पहले चरण का खिताब अपने नाम किया। कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाली 18 वर्षीय प्रणवी ने गौरिका बिश्नोई के खिलाफ पहले प्लेऑफ होल में बर्डी बनाई और जीत दर्ज की। गौरिका ने पहले दो दिन तक बढ़त बनाए रखी थी लेकिन प्रणवी ने आखिर में उन्हें खिताब से वंचित कर दिया। प्रणवी और गौरिका दोनों ने समान पांच अंडर 211 का स्कोर बनाया था जिसके बाद प्लेऑफ का सहारा लिया गया। प्लेऑफ में प्रणवी ने बर्डी बनाई जबकि गौरिका पार स्कोर ही बना सकी। एमेच्योर स्नेहा सिंह दो अंडर 214 के कुल स्कोर के साथ तीसरे जबकि जाह्नवी बख्शी एक अंडर 215 का स्कोर बनाकर चौथे स्थान पर रही।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, नई दिल्ली – 110001
ई–निविदा सूचना
सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/522 नई दिल्ली, दिनांक 11.02.2022
फिएट–आईआर बोगी के लिए सेमी फिनिश्ड एलएचबी एक्सल की खरीद हेतु दिनांक 14.03.2022 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं: डब्ल्यूटीए–522.
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से फिएट–आईआर बोगी के लिए सेमी फिनिश्ड एलएचबी एक्सल की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
दूरभाष सं. 011–23073191
ई–मेल आईडी– drsm@rb.railnet.gov.in
आज़ादी का अमृत महोत्सव 323/2022
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड
FCS The efficiency catalyst
CIN No. L72100DL1993PLC179154
पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली–92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज–II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201305
31 दिसम्बर 2021 को समाप्त तिमाही हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किये गये (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही दिस. 31, 2021 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2021 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2020 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2,463.09 | 3,405.87 | 3,733.11 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) | 25.92 | (1,232.57) | (2,380.26) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) (असाधारण मदों के बाद) | 25.92 | (1,232.57) | (2,380.26) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | (548.23) | (577.70) | 661.04 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.00 | (0.07) | (0.07) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.00 | (0.07) | (0.07) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.00 | (0.07) | (0.07) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.00 | (0.07) | (0.07) |

टिप्पणी :
1) स्टैंडअलोन जानकारी

| विवरण | समाप्त तिमाही दिस. 31, 2021 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2021 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष मार्च 31, 2020 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2,431.38 | 3,366.82 | 3,688.48 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) | 37.79 | (1,121.10) | (1,056.18) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) (असाधारण मदों के बाद) | 37.79 | (1,121.10) | (1,056.18) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.016 | 0.197 | 0.197 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.016 | 0.197 | 0.197 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.016 | 0.197 | 0.197 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.016 | 0.197 | 0.197 |

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।
निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/–
(निदेशक)
स्थान : नोएडा
दिनांक : 11 फरवरी 2022

सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205, आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com
31 दिसम्बर 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(रु. लाखों में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2021 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2020 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन वर्ष से तिथि 31.12.2021 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन वर्ष से तिथि 31.12.2020 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2021 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2020 अअंकेक्षित | समेकित वर्ष से तिथि 31.12.2021 अअंकेक्षित | समेकित वर्ष से तिथि 31.12.2020 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 0.14 | 0 | 0.14 | 0.09 | 0.6 | 8.45 | 0 | 8.47 | 7.09 | 13.55 |
| 2 | कर के पश्चात् सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) | (17.95) | (19.08) | (57.19) | (55.84) | (78.30) | (173.28) | (226.02) | (541.13) | (657.49) | (803.88) |
| 3 | कर के पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | (17.95) | (19.08) | (57.19) | (55.84) | (78.30) | (173.28) | (226.02) | (541.13) | (657.49) | (803.88) |
| 4 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 6 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) – बेसिक | (0.02) | (0.03) | (0.08) | (0.07) | (0.10) | (0.23) | (0.29) | (0.72) | (0.88) | (1.08) |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) – डायल्यूटिड | (0.02) | (0.03) | (0.08) | (0.07) | (0.10) | (0.23) | (0.29) | (0.72) | (0.88) | (1.08) |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट तथा कम्पनी की वेबसाइट : www.samtexfashions.com पर उपलब्ध हैं।
कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/– अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 11.02.2022

